## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 16.04.2024 (दोपहर–1310 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान की तारीख नजदीक, प्रचार अभियान चरम पर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एनडीए उम्मीदवारों के प्रचार के लिए आज शाम पहुंचेंगे गुवाहाटी।**
2. **राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शॉर्ट फिल्म ''उड़ चली'' का किया लोकार्पण।**
3. **जमीन घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी जेएमएम नेता अंतू तिर्की सहित कई अन्य के ठिकानों पर कर रहा है छापेमारी, एक और आरोपी अफसर अली को ईडी ने किया गिरफ्तार।**

**और**

4. **जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर पीएमएलए कोर्ट में आज हुई सुनवाई, कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का दिया निर्देश।**

**और अब समाचार विस्तार से।**

******************************

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार तेज हो गया है। मतदान के केवल दो दिन बचे हैं। राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। इस चरण में 17 राज्यों की एक सौ दो लोकसभा सीट और सिक्किम विधानसभा की 32 तथा अरुणाचल प्रदेश की 60 विधानसभा सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होगा।

******************************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी असम में एनडीए उम्मीदवारों के प्रचार के लिए आज शाम गुवाहाटी पहुंचेंगे। श्री मोदी कल नलबाड़ी में एक रैली को संबोधित करेंगे। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी आज जोरहाट में पार्टी उम्मीदवार गौरव गोगोई के समर्थन में रोड शो करेंगी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी इस सप्ताह बराक घाटी में चुनाव प्रचार करेंगी। असम में 14 लोकसभा सीटों के लिए तीन चरणों में मतदान होना है।

******************************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल अपने राजनीतिक लाभ के लिए संविधान का हथियार की तरह इस्तेमाल करने का प्रयास कर रहे हैं। बिहार में गया के गांधी मैदान में आज सुबह जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों की ओर से लोगों को गुमराह करने के लिए यह झूठ गढ़ा जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी संविधान बदल देगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि कोई भी संविधान नहीं बदल सकता है।

******************************

लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राज्य में निर्वाचन आयोग की ओर से लगातार पहल किया जा रहे हैं। इस कड़ी में आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार की उपस्थिति में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से बनी शॉर्ट फिल्म **उड़ चली** का लोकार्पण किया। इस मौके पर चुनाव का पर्व कला महोत्सव पर आधारित कॉफी टेबल बुक का भी लोकार्पण किया गया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि मतदान प्रक्रिया में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इस बार सुबह 7 से शाम 5 बजे तक मतदान का समय निर्धारित किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 16 आवश्यक अनिवार्य सेवाओं से जुड़े लोगों को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने के लिए पोस्टल बैलट पर जोर दिया जा रहा है।

******************************

खूंटी जिले मे स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आंगनबाड़ी सेविकाओं ने वृद्ध जनों के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया। बीएलओ द्वारा घर – घर जाकर वृद्ध मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में चेक किया जा रहा है।

इधर स्वतंत्र, निष्पक्ष व स्वच्छ संपन्न कराने के निमित प्रशिक्षण कोषांग, खूंटी द्वारा बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर में 72 सेक्टर पदाधिकारी एवं 112 पुलिस अधिकारियों के लिए अलग–अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

****************************

लोहरदगा जिला में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर महिलाएं सुदूर ग्रामीण इलाकों में पहुंच कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**साउण्ड बाईट – गोपी कृश्ण कुंवर, लोहरदगा – 45 सेकेण्ड**

****************************

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी जमीन घोटाला मामले में आज फिर छापेमारी कर रहा है। बरियातु स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता अंतू तिर्की सहित कई अन्य के ठिकानों पर छापेमारी चल रही है। ईडी ने बड़गाईं अंचल के बरियातु स्थित आठ दशमलव आठ छह एकड़ जमीन मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूर्व में गिरफ्तार किया था। ईडी ने इस मामले में आज एक और आरोपी अफसर अली को गिरफ्तार किया है। ईडी ने अफसर अली को पिछले साल जमीन घोटाले मामले में गिरफ्तार किया था। वर्तमान में वह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद था। ईडी ने उसे पीएमएलए की विशेष कोर्ट में आज उसे पेश कर रिमांड का आग्रह किया है। इस मामले में ईडी एक अन्य आरोपी सद्दाम हुसैन को भी गिरफ्तार कर रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रहा है।

****************************

जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर पीएमएलए की विशेष कोर्ट में आज सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब कोर्ट इस मामले पर 23 अप्रैल को सुनवाई करेगा। जमानत के लिए हेमंत सोरेन की ओर से कल अर्जी दाखिल की गयी थी।

****************************

रामनवमी को लेकर राजधानी रांची सहित राज्यभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। रांची में पुलिस पदाधिकारियों सहित दो हजार से अधिक जवानों की तैनाती की गयी है। रांची में आज पूजा समिति और आखाड़ों द्वारा अष्टमी की झांकी निकाली जाएगी। इस वर्ष दो दर्जन से अधिक बड़ी झांकियां रांची में निकाली जाएगी। वहीं रामनवमी की शोभायात्रा रांची में कल निकलेगी। रांची में पहली बार वर्ष 1929 में रामनवमी की शोभायात्रा निकाली गयी थी।

****************************

रामनवमी पर्व के दौरान विधि व्यवस्था को लेकर हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए जुलूस मार्गों में का जायज़ा लिया। रूट मार्ग में पड़े ईट, पत्थरों, पेड़ों की डालियों, बिजली के झूलते तारों को ससमय दुरूस्त करने निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में प्रशासनिक टीम छडवा डैम, कटकमदाग, खिरगांव, झंडा चौक, बड़ा अखाड़ा, महावीर मंदिर, जामा मस्जिद रोड आदि मार्गों पर भ्रमण कर बारीकी से निरीक्षण किया गया।

उपायुक्त ने बताया कि रामनवमी के पर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। इसके लिए कई चरणों में विभिन्न अखाड़ों के साथ बैठक की गई है।

****************************

कोडरमा में आत्मरक्षा के लिए बेटियों और महिलाओं को सशक्त बनाया जा रहा है। इसे लेकर तलवारबाजी और लाठी बाजी की ट्रेनिंग दी जा रही है। कोडरमा के झुमरी तिलैया में यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है, जहां योग्य प्रशिक्षकों की मदद से सुबह और शाम दो सत्रों में महिलाओं और छात्रों को तलवारबाजी और लाठीबाजी की ट्रेनिंग दी जा रही है।

****************************

लातेहार जिले के बालूमाथ–चंदवा रोड पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के मिशन स्कूल के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों का इलाज बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ अमरनाथ प्रसाद की देखरेख में किया जा रहा है।

******************************

गिरिडीह जिले की सरिया थाना पुलिस ने बीती रात वाहन चेकिंग के दौरान नौ लाख पंचानबे हजार रूपये जब्त किया। गिरिडीह पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि ये राशि फ्लाइंग स्क्वायड टीम के द्वारा जब्त की गई हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद गिरिडीह जिला से एक करोड़ 77 लाख 33 हजार 340 रूपये अबतक जब्त किए जा चुके है। साथ ही एक हजार तीन सौ लीटर अवैध शराब की भी जब्ती हुई है। करीब 29 किलो गांजा  बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि जब्त की गई नकद राशि, शराब, गांजा, महुआ और अन्य पदार्थों का मूल्य लगभग 2 करोड़ 17 लाख रुपए है।

******************************

भारत मौसम विभाग ने इस वर्ष देशभर में मॉनसून में सामान्य से ज्यादा बारिश का पूर्वानुमान किया है। झारखंड सहित 20 राज्यों में अच्छी बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार इस साल चार माह के दौरान एक सौ छह प्रतिशत बारिश हो सकती है। यह फसलों के लिए अच्छा संकेत है। झारखंड में दो साल बाद इस बार सामान्य बारिश होने का अनुमान है। पिछले दो साल से झारखंड के लोग सूखा झेल रहे हैं। कई जिलों में बहुत ही कम बारिश हो रही थी।

******************************

आईपीएल क्रिकेट में आज अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस का मुकाबला डेल्ही कैपिटल्स से होगा। कल सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 25 रन से हरा दिया। सनराइजर्स हैदराबाद ने बेंगलुरु की टीम को 288 रन का लक्ष्य दिया था जिसका पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 262 रन ही बना पाई।

***********समाप्त***********